Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 14-12-2006

Participants : Pateriya Smt. Neeta

>

Title : Need to accord approval to the proposal of the Government of Madhya Pradesh for setting up pilot project under Non-Conventional Energy sources - laid.

श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार मध्य प्रदेश में पायलट प्रोजेक्ट के तहत लगे गैसीफायर संयंत्र की ओर दिलाना चाहती हूं। केन्द्र सरकार की अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत योजना के तहत मध्य प्रदेश में पायलट प्र ोजेक्ट के तीन बायोमास गैसीफायर संयंत्र कुछ माह में ही शो-पीस बन कर रह गये हैं। लाखों रूपये की लागत से स्थापित हुए इन संयंत्रों को संचालित करने में आर्थिक व तकनीकी, दोनों तरह की समस्याएं आ रही हैं। नतीजन आदिवासी गांवों में बिजली अब भी सपना ही है। मध्य प्रदेश बैतूल, हरदा, होशंगाबाद, मंडला, बालाघाट, झबुआ और सिवनी के 11 गांव पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शामिल किए गये थे। मान्यवर, मध्य प्रदेश शासन की ओर से केन्द्र शासन के समक्ष समस्या रखी गयी है, जिसमें कम से कम दो साल के लिए शासन की ओर से मानदेय उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया है। मेरा माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध है कि प्र ादेश शासन के उपरोक्त प्रस्ताव को तुरंत स्वीकृति देने की कृपा करें।